20.01.25

Page-1

Tender Heart High School, Sector- 33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

विषय- हिन्दी सुलेख

शिक्षिका- श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती कल्पना शर्मा

## पुस्तक : सरल हिन्दी सुलेख भाग-तीन

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आशा है कि आप सभी ने अपनी पुस्तक 'सरल हिन्दी सुलेख' भाग-तीन में अभ्यास कार्य पूर्ण कर लिया होगा। अब आपकी सुलेख की पुस्तक के सभी पृष्ठ समाप्त हो चुके हैं इसलिए आपको आज अध्यापिका द्वारा सुलेख का अभ्यास करवाया जाएगा। इसका उद्देश्य आपके लेखन कार्य में सुधार करवाने के साथ-साथ शब्दकोश (Dictionary) में दिए कुछ शब्दों का भी ज्ञान करवाना है। सभी छात्र एक अलग पुस्तिका लेकर इसका अभ्यास करेंगे। आप सभी का इस कार्य को करना आवश्यक है।

अध्यापिका द्वारा आज शब्दकोश में क्रम के अनुसार दिए शब्दों के अर्थ को जानेंगे। हिन्दी शब्दकोश में निश्चित वर्णों का क्रम होता है। यह क्रम आप सभी के लिए जानना आवश्यक है। हिन्दी शब्दकोश में सबसे पहला वर्ण (अक्षर) अं होता है। इस वर्ण के बाद अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ होता है। आज आपको 'अं' वर्ण से जुड़े कुछ शब्द एवं उनके अर्थ बताए जाएँगे। इस कार्य को आप सभी सुन्दर लिखाई में करेंगे।

कक्षा - तीसरी
विषय - हिन्दी सुलेख

शिक्षिका - श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा

## 'अं' से जुड़े शब्द एवं उनके अर्थ :-

1. अंक - संख्या , चिह्न
2. अंजन - काजल (सुरमा), स्याही , दीपक
3. अंबर - आकाश , वस्त्र
4. अंबुज - कमल , ब्रह्मा
5. अंश - भाग , कोण नापने की इकाई
6. अंशु - सूर्य , किरण

## गृहकार्य

सभी छात्र उपर्युक्त वर्ण 'अं' एवं इससे जुड़े शब्द एवं अर्थ को अपनी - अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे। आप सभी का इस कार्य को सुन्दर लिखाई में करना तथा समझना आवश्यक है।

धन्यवाद ।

[Last Page]